## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहा आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** अपराध विवेचना के लिये ग्राम लाखा रवाना हुई कोतवाली पुलिस द्वारा लाखा केलो डैम के सामने मुखबीर सूचना पर बिना नंबर नीले रंग की जुपिटर स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे व्यक्ति को पकड़ा गया है जिसके पास से 10 लीटर क्षमता वाली दो प्लास्टिक जरकिन में 20 लीटर महुआ शराब कीमत 2,000 रूपये का जप्त किया गया है पूछताछ में आरोपी पूर्णचंद चौबे पिता स्व परमहंस चौबे उम्र 43 वर्ष निवासी लाखा थाना कोतवाली रायगढ (छ0ग0) का होना बताया। आरोपी पर थाना कोतवाली में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, ताराचंद पटेल, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, उत्तम सारथी की विशेष भूमिका रही है।

### व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक के 12489 पद के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 मई तक आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर के द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के व्याख्याता (वाणिज्य, गणित, भौतिक), शिक्षक और सहायक शिक्षक (ई एवं टी संवर्ग) के 12489 पद के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 मई 2023 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन 06 मई 2023 से प्रारंभ हो चुकी है। त्रुटि सुधार 24 मई से 26 मई 2023 तक किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र छत्तीसगढ़ के 30 जिला मुख्यालय है। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 02 जून 2023 है। शिक्षक पद के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 10 जून 2023 को पूर्वान्ह और सहायक शिक्षक पद के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 10 जून 2023 को ही अपरान्ह में है। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है।

### आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की 920 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के युवा वर्ग के लिए एक बड़ी खबर है। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पदों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूर्व में विज्ञाप्ति पद 366 थी जिसे बढ़ाकर 920 कर दिया गया है। प्रशिक्षण अधिकारियों की संख्या बढ़ जाने से आईटीआई करने वाले युवाओं को इससे बड़ा लाभ होगा। जानकारों की माने तो आईटीआई के सभी ट्रेडों में प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ जाने से छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए पूर्व में 366 पदों की स्वीकृति दी गई थी। सीएम के निर्देश के बाद अब पदों की संख्या 920 हो गई है। संचालक रोजगार प्रशिक्षण ने इसके लिए संशोधित विज्ञापन भी प्रकाशित कर दिया है।

### अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संविदा पदों के लिए आवेदन 20 मई तक

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में व्याख्याता, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं ग्रंथपाल की संविदा भर्ती के लिए 20 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। रायपुर जिले के खरोरा, स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गोगांव, स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय तिलक नगर गुढियारी, निवेदिता अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरूनानक चौक, स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरोना, स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर के लिए व्याख्याता, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं गूंरथपाल के संविदा पदों पर भर्ती की जाएगी।

# ड्रायवर ने ट्रक से 12 टन स्पंज आयरन की चोरी कर ढाबे में बेचा : ड्राइवर और ढाबा संचालक गिरफ्तार

- आरोपी ड्राइवर से ट्रक और ढाबा संचालक से 12 टन स्पंज आयरन की जब्त



**रायगढ़।** 13 मई को थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में ट्रांसपोर्टर अनिल कुमार अग्रवाल निवासी देवेंद्र नगर रायपुर के द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि कोणार्क ट्रांसपोर्ट द्वारा रेंगाली झाड़सुगुड़ा उड़ीसा से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलपी 5623 के चालक प्रदीप कुमार पटेल निवासी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश के माध्यम से 2 मई को श्याम आयरन फैक्ट्री से 31 टन स्पंज आयरन ट्रक में लोडकर रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा स्थित हर्ष विनियम कंपनी भेजा गया था। ड्राइवर प्रदीप पटेल ने गाड़ी का ब्रेक डाउन होना बताया जिसके बाद से ड्राइवर से संपर्क नहीं हुआ। तब कोणार्क ट्रांसपोर्ट का स्टाफ ट्रक को खोजते हुए रायगढ़ लाखा पहुंचा जहां मेन रोड के पास ट्रक खड़ी मिली जिसे हर्ष विनियम कंपनी पूंजीपथरा पहुंचाया गया जहां वजन कराने पर ट्रक में 12,780 किलो स्पंज आयरन कम होना पाया गया जब ड्राइवर प्रदीप पटेल से संपर्क हुआ तो प्रदीप से पूछने पर बताया कि उसने रु.3,50,000 में करीब 12 टन स्पंज आयरन लाखा केलो डैम के पास एक ढाबे में बिक्री कर दिया है। ट्रांसपोर्टर की रिपोर्ट पर ट्रक के ड्राइवर प्रदीप पटेल पर धारा 381 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को शीघ्र आरोपी ट्रक ड्राइवर एवं संबंधित ढाबा संचालक पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर आरोपी ट्रक ड्रायवर प्रदीप पटेल की पतासाजी के लिए टीम लगाया गया। ट्रांसपोर्टर अनिल अग्रवाल ने बताया कि ट्रक का माल हर्ष विनियम कंपनी में अनलोड हो जाने के बाद आरोपी ट्रक ड्रायवर द्वारा कंपनी से ट्रक लेकर निकल गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक ड्रायवर को पतासाजी करते हुये लाखा के पास ट्रक क्रमांक CG 04 LP-5623 के साथ हिरासत में लिया गया जिससे कड़ी से पूछताछ करने पर आरोपी केलो डैम के पास लाखा में ढाबा संचालक को स्पंज आयरन बेचना बताया।

कोतवाली पुलिस तत्काल ढाबा के संचालक संतोष कुमार चंद्रवंशी की पतासाजी कर उसके निवास न्यू लाख से उसे हिरासत में लिया गया जिसने ट्रक ड्राइवर से स्पंज आयरन खरीद कर ढाबा से कुछ दूरी एक गड्ढे में स्पंज आयरन को छिपाकर रखना बताया।

आरोपी संतोष चंद्रवंशी के निशानदेही पर 12 टन स्पंज आयरन करीब रु.3,50,000 का जप्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना में साक्ष्य अनुरूप धारा 381 आईपीसी हटाकर धारा 407, 411 आईपीसी जोड़ते हुये दोनों आरोपी – (1) प्रदीप कुमार पिता अशोक कुमार उम्र 27 साल निवासी धनावल पोस्ट बघौदा तहसील मड़िहान थाना मड़िहान मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) (2) संतोष कुमार चंद्रवंशी पिता सीताराम चंद्रवंशी उम्र 32 साल निवासी सारंग पोस्ट कण्डवा थाना विष्णुपुरा जिला गढ़वा (झारखंड) वर्तमान पता न्यू लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर दोनों को जेल दाखिल किया गया है।

टीआई कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव तथा पेट्रोलिंग पार्टी के प्रधान आरक्षक ताराचंद पटेल एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी ई-बसें, 5 चार्जिंग प्वाइंट बनेंगे, टेंडर हुआ जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर की सडक़ों पर अब जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। दिन-ब-दिन इलेक्ट्रिक व्हीकल की संख्या में इजाफा हो रहा है। लोगों के सुविधाओं में बढ़ोतरी करने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर ये निर्णय लिया गया है। शुरुआत में 10 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इसके बाद और बसें खरीदने का निर्णय लिया जाएगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत, इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए 10 ई बसें खरीदी जाएंगी। इसका टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

**आधा दर्जन चार्जिंग प्वाइंट भी बनेंगे-** शहर के पांच स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है, जिसके लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए भी जगह चिन्हांकित कर ली गई है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद, जिसे चुना जाएगा, उसे तीन महीने की समय सीमा के भीतर बसें उपलब्ध करानी होंगी। ये बसें वाहन प्रदूषण के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा इस कदम से डीजल पर हो रहे भारी खर्च को रोकने में मदद मिलेगी। बसें पूरी तरह से बिजली से चलेंगी, जिससे शोर और प्रदूषण छुटकारा मिलेगा। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें सफल होंगी और बजट की उपलब्धता के अनुसार सभी डीजल बसों को बदल दिया जाएगा।

## लघु वनोपज, पशु चिकित्सा एवं श्रम विभाग के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 मई तक आमंत्रित




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास), सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ और कार्यालय श्रमायुक्त रायपुर अंतर्गत सहायक प्रबंधक (उपार्जन निर्माण, प्रक्रिया), सहायक प्रबंधक (प्रबंधन), सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक, श्रम उप-निरीक्षक पद के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 मई 2023 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन 12 मई 2023 से प्रारंभ हो चुकी है। त्रुटि सुधार 30 मई से 1 जून 2023 तक किया जा सकता है।

सहायक प्रबंधक (उपार्जन निर्माण, प्रक्रिया) और सहायक प्रबंधक (प्रबंधन) भर्ती 2023 के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 05 जून 2023 है और परीक्षा की संभावित तिथि 11 जून 2023 को सुबह और शाम होगी। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भर्ती 2023 के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 17 जून 2023 है। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 09 जून 2023 है। सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक, श्रम उप-निरीक्षक भर्ती 2023 के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 10 जून 2023 है और परीक्षा की संभावित तिथि 18 जून 2023 है। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है।

## नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा



**रायगढ़।** नेशनल लोक अदालत, जो इस बार विशेष हाईब्रीड लोक अदालत के रूप में वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया तथा बिलाईगढ़ एवं भटगांव में आयोजित किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 2677 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 8557 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया।

रखे गये कुल 11234 प्रकरणों में से लंबित 1792 एवं प्रीलिटिगेशन 140 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 6051 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, रायगढ़ एवं तहसील स्थित ब्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 7 लाख 37 हजार 5 रुपये का सेटलमेंट हुआ। राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 12100 मामले रखे गये जिनमें से 12082 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु न्यायालय में आने वाले पक्षकारों के लिये न्यायालय परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था की गई। समग्र यात्री जन कल्याण एवं सेवा समिति, रायगढ़ के द्वारा लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिये नि:शुल्क बस सेवा सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी रायगढ की ओर से, जिला रायगढ, सारंगढ़, घरघोडा, धरमजयगढ एवं खरसिया के न्यायालयीन परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई थी।

## जिले में डेढ़ हजार से ज्यादा स्कूलों की 130 करोड़ की लागत से हो रही है मरम्मत

- सुधरती इमारतें, संवरते स्कूल, पूरे जिले में स्कूलों का जीर्णोद्धार जोरों पर
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा लगातार कर रहे समीक्षा
- अगले सत्र में बच्चे आएं तो नए कलेवर में मिले स्कूल, कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों को दिए हुए हैं निर्देश



**रायगढ़।** जिले के डेढ़ हजार से ज्यादा स्कूलों को संवारने का काम जोरों पर है। स्कूलों में मरम्मत का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। स्कूल भवन में कक्षाओं और शौचालय की मरम्मत के साथ जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ भवनों की रंगाई-पोताई भी हो रही है। ताकि नवीन शिक्षा सत्र में जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उन्हें उनका स्कूल नए कलेवर में मिले। जिले में लगभग डेढ़ हजार से ज्यादा स्कूलों की मरम्मत की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और डीएमएफ.-सीएसआर से मिलाकर करीब 130 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इसके लिए विभागीय अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दे रखे हैं। वे खुद नियमित रूप से काम-काज की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों शिक्षा विभाग, आरईएस और ठेकेदारों की बैठक लेकर सभी स्कूलों में हो रहे काम के प्रोग्रेस का पूरा ब्यौरा लिया था। इस दौरान प्रिंसिपल्स को काम के क्वालिटी के मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी एसडीएम को भी नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने विशेष रूप से सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है बच्चों की गर्मी की छुट्टी का लाभ निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने में लें। स्कूलों में मरम्मत का जिम्मा आरईएस को दिया गया है।

**मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से हो रहा कायाकल्प-** अगले सत्र से पहले स्कूलों की मरम्मत को शासन ने प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वयं इस संबंध में 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन' योजना की घोषणा की है। शासन द्वारा स्कूलों का सर्वे कर मरम्मत योग्य स्कूलों की जानकारी मंगाई थी। शासन द्वारा जारी स्वीकृति आदेश के मुताबिक डीपीआई मद से 1536 स्कूलों के लिए 97 करोड़ 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके पूर्व के आदेश मुताबिक 10 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि राज्य शासन द्वारा दिया जा रहा है। इस राशि से जिले के 182 स्कूलों में मरम्मत कार्य होंगे तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करवाया जाएगा। इसी के साथ ही 1962 के पूर्व निर्मित स्कूल भवनों के मरम्मत व रखरखाव के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। इसके साथ समग्र शिक्षा अभियान के तहत 62 स्कूलों में कार्यों को मंजूरी दी गयी है।

**डीएमएफ.-सीएसआर से भी खर्ची जा रही राशि-** अगले शिक्षा सत्र से 31 आत्मानंद स्कूल और प्रारंभ हो रहे हैं इसके उन्नयन के लिए कलेक्टर सिन्हा ने सीएसआर मद से 15 करोड़ 72 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। डीएमएफ से 25 स्कूलों के लिए कुल 1 करोड़ 95 लाख रुपए दिए गए हैं।

## छ.ग. पुलिस के सूबेदार, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर की परीक्षा 26 से 29 मई तक



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर के 975 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर के द्वारा आयोजित की जाएगी। हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में दक्षता परीक्षा 26 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक और 26 मई 2023 को ही सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार एप्टीट्यूड परीक्षा 27 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक तथा विज्ञान (गणित, भौतिकी एवं रसायन) परीक्षा 27 मई 2023 को ही दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कम्प्यूटर विज्ञान परीक्षा 29 मई 2023 को प्रातः 8 बजे से 10.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं अंबिकापुर है। परीक्षा केन्द्र छ.ग. व्यापमं द्वारा पृथक से सूचित किए जाएंगे। प्रवेश पत्र 18 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि अद्यतन जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस और छ.ग. व्यापमं की अधिकारिक वेबसाईट का नियमित अवलोकन करें। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा भर्ती : 19 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालपुर, पवनी और परसापाली के विद्यालयों में शिक्षकीय और गैर शिक्षकीय रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संविदा नियुक्ति किया जाना है। इस हेतु योग्यताधारी इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्व प्रमाणित संलग्न कर स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा 19 मई 2023 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) पिन-496445 के पते पर अपना आवेदन भेज सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे।

व्याख्याता पद हेतु संविदा मानदेय राशि 38 हजार 100, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक के लिए 35 हजार 400, सहायक शिक्षक के लिए 25 हजार 300 और ग्रंथपाल पद के लिए 22 हजार 400 मासिक एकमुश्त दी जाएगी। तीनों विद्यालयों में व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम), शिक्षक कम्प्यूटर (अंग्रेजी माध्यम) और ग्रंथपाल के 1-1 पद अनारक्षित है।

तीनों विद्यालयों में व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम)-वाणिज्य में 2 पद (अनारिक्षत-1 और एसटी-1 पद) है, बाकी सभी 1-1 पद अनारक्षित हैं। तीनों विद्यालयों में व्याख्याता पद- हिंदी, संस्कृत, व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम)-अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, जीवबिज्ञान, भौतिक, रसायन, वाणिज्य है। व्याख्याता के लिए योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एव बीएड प्रशिक्षित अनिवार्य है। आवेदक को 8वीं, 10वीं और 12वीं अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन में दक्ष हो। व्याख्याता सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत स्नातकोत्तर (भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति) तथा बीएड की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

तीनों विद्यालयों में शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम)-कला, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान के सभी 1-1 पद अनारक्षित हैं। इसके लिए योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित संकाय/विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की उपाधि एव बीएड, बीएलएड, डीएलएड प्रशिक्षित अनिवार्य है। अंग्रेजी भाषा हेतु स्नातक स्तर पर अंग्रेजी मुख्य विषय के रूप में हो। शिक्षक सामाजिक विज्ञान हेतु स्नातक में अंकित विषयों (भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति) में से दो विषय एवं शिक्षक विज्ञान हेतु स्नातक में अंकित विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान) में से दो विषय अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। आवेदक को 8वीं, 10वीं और 12वीं अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन में दक्ष हो।

तीनों विद्यालयों में सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम)- अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, रसायन, भौतिकी के सभी 1 पद अनारक्षित हैं। इसके लिए योग्यता-मान्यता प्राप्त बोर्ड से संबंधित संकाय (कला, वाणिज्य, जीवविज्ञान, गणित) तथा सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) हेतु जीवविज्ञान/गणित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (बारहवीं) परीक्षा उत्तीर्ण एव बीएड, बीएलएड, डीएड, डीएलएड प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।

## नाबालिग से दुष्कर्म की रिपोर्ट पर पूंजीपथरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा रिमांडपर

**रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा में थानाक्षेत्र की रहने वाली किशोर बालिका द्वारा ऐडूकला थाना छाल निवासी कोमल प्रसाद राठिया (उम्र 19 साल) के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने और धोखे में रखकर अन्य लड़की से विवाह करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा पीड़ित बालिका का महिला विवेचक उप निरीक्षक संतरा चौहान, थाना कोतवाली से विस्तृत कथन लेखबद्ध कराकर अपराध पंजीबद्ध एवं मामले की विस्तृत जानकारी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा को अवगत कराया गया जिनके दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी आरोपी कोमल राठिया पतासाजी गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुए छाल थाना क्षेत्र रवाना होकर दबिश दिया गया और शीघ्र आरोपी कोमल प्रसाद राठिया को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी का आज मेडिकल तथा गिरफ्तारी की अन्य औपचारिक कार्यवाही पश्चात आज न्यायिक रिमांड पर जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर आरोपी को जेल दाखिल करने पूंजीपथरा पुलिस रवाना हुई है।

पीड़ित बालिका बताई कि कोमल प्रसाद राठिया उसे अक्सर आते-जाते समय जबरन बातचीत का प्रयास करता था। इसी बीच कोमल एक दिन प्रेम का इजहार कर शादी का प्रस्ताव रखा जिसे नाबालिक होना बताई।

इसी दरमियान पिछले साल मार्च महीने में जन्मदिन के दिन उपहार देने के बहाने कोमल घर के पीछे सुनसान स्थान में ले जाकर शादी का विश्वास देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद कई और बार संबंध बनाया था। दोनों के मिलने जुलने की जानकारी घरवालों को होने पर दोनों परिवार के लोग बैठक किए जिसमें बालिका के बालिग हो जाने पर दोनों का विवाह सामाजिक रूप से कर देने की बात हुई थी। इसके बावजूद कोमल राठिया धोखा देते हुए अन्य लड़की से विवाह कर लिया जिसके बाद बालिका द्वारा उसके साथ आप बीती और कोमल राठिया पर कार्यवाही के लिए थाना पूंजीपथरा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपी को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं में कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। नाबालिग बालिका संबंधी गंभीर अपराध में आरोपी, पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया, सहायक उपनिरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक राधेश्याम कमल एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480